शिक्षक दिवस

श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्री अनंदपुर साहिब के हिंदी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा 05 सितम्बर 2016 को विभाग के शिक्षकों के सम्मान में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल डॉ. कश्मीर सिंह ने विशेष रूप से शिरकत कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा शिक्षक एवं शिक्षा के महत्व पर भाषण, कविता के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये। छात्रों के शिक्षा प्रति उत्साह को देखते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. मलकीत सिंह द्वारा उन्हें जीवन और शिक्षा पथ की कठिनाईयों से लड़कर जीत प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. कश्मीर सिंह के अध्यक्षीय भाषण से हुआ। कार्यक्रम में विभाग के प्रो. शगुन सिक्का और प्रो. गीतू सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे।